राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की 59वीं बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 30.10.2018 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं बैठक श्री पी.के. साहू, प्रभारी महाप्रबंधक(प्रबं.प्रशि.सं./ राजभाषा/ मासंवि),एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष महोदय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एमसीएल भारत सरकार की राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए राजभाषा लक्ष्यों के अनुरूप अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करना आवश्यक है ताकि केंद्रीय सरकार द्वारा बतौर सार्वजनिक उपक्रम, एमसीएल को सौंपे गए राजभाषा कार्यान्वयन के दायित्व का निर्वाह पूर्णरुपेण हो सके।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक द्वारा एमसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में चलाए जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, साथ ही उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम-2017-18 के अनुरूप क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशाला एवं तिमाही कार्यान्वयन समिति की बैठक के आयोजन हेतु सुझाव दिया।

श्रीमती तूलिका बिश्वास,प्रबंधन प्रशिक्षु,राजभाषा विभाग, मुख्यालय ने बैठक का संचालन करते हुए 25.07.2018 को सम्पन्न पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की। इसके साथ पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जून एवं सितंबर,2018 तिमाहियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी समीक्षा बैठक में की गई।

बैठक में डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष/ नामित राजभाषा अधिकारीगण,क्षेत्रीय मुख्य राजभाषा अधिकारी/ नामित राजभाषा अधिकारी तथा सहायकगण बैठक में उपस्थित हुए।

उपरोक्त बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुईं एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। श्री बी.आर.साहू कलिहारी,सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),एमसीएल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

MCL